वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 8 अप्रैल 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद बैठक एवं 42 प्रांत अभ्यास वर्ग स्थगित

अभाविप के सेवा कार्य और शिक्षा विषयो के लिए हेल्पलाइन रहेगी जारी

प्रतिवर्ष मई माह में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दी गई, यह अभाविप की अति महत्वपूर्ण बैठक है। राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक में अभाविप के आगामी सत्र की योजना तय होती है तथा शैक्षिक एवं समसामयिक विषयों पर प्रस्ताव भी पारित किये जाते हैं। भारत के सभी प्रदेशों से 448 प्रतिनिधियों की इस कार्यकारिणी बैठक में सहभागिता होती है।

साथ ही मई महीने में अभाविप कार्यकर्ता निर्माण को लेकर होने वाले समस्त 42 प्रांतीय अभ्यास वर्गों को भी स्थगित कर दिया गया है। अभाविप की रचना के अनुरूप सभी 42 प्रांतो से लगभग 10,000 कार्यकर्ताओ की सहभागिता होती है। आपातकाल के उपरांत यह पहला अवसर है जब अभाविप ने संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण आधिकारिक बैठकों को स्थगित किया है।

तालाबंदी के दौरान किये गए कार्यो में अभाविप ने 31 मार्च को मानव संसाधन विकास मंत्री को छात्रों एवं शिक्षा जगत की विभिन्न चिंताओं को लेकर ज्ञापन दिया था, जिसमें आगामी अकादमिक सत्र, इस सेमेस्टर से जुड़ी गतिविधियां, छात्रवृति एवं शोधवृत्ति आदि से संबंधित मांगों को रखा गया था। अभाविप सभी राज्यों के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्रियों को राज्य केंद्रित शिक्षा जगत की समस्याओं से अवगत कराने तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौपेगी तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से भी छात्रों की समस्याओं के समाधान की मांग हेतु ज्ञापन देंगे।

अभाविप युवाओ एवं छात्रों से आवाहन करता है, कि कोरोना से लड़ने हेतु PM-CARES फंड में आर्थिक सहयोग प्रदान करे साथ ही अपने मित्रो को भी प्रोत्साहित करें।

अभाविप के कार्यकर्ता देशभर में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार प्रशासन के साथ मिलकर मास्क, सैनिटाइज़र एवं भोजन वितरण आदि कार्यों में लगे हुये है। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में मास्क वितरण, राशन व भोजन वितरण तथा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि प्रान्तों में विद्यार्थी कार्यकर्ताओं की सूची स्वयंसेवक के रूप में स्थानीय प्रशासन को देने का काम भी हुआ है। बिहार में मास्क एवं सैनिटाईजर वितरण सहित किराये देकर रह रहे विद्यार्थियों हेतु मकान मालिकों से सम्पर्क कर भोजन व्यवस्था एवं आगामी माह का किराया तुरंत न लेने की अपील आदि प्रकार से अभियान किये जा रहे हैं। पूर्वोत्तर के प्रान्तों में आ रही हेल्पलाइन की कॉल में देशभर में पढ़ाई के लिए गए पूर्वोत्तर के छात्र - छात्राएं जिनके भोजन व ठहरने इत्यादि समस्याओं का निवारण करने हेतु देहरादून, बेंगलुरु, चंडीगढ़, पुणे, दिल्ली इत्यादि शहरों की अभाविप इकाई लगातार सक्रीय है।

राजस्थान के जोधपुर एवं बीकानेर, बेंगलुरु, केरल, गुजरात, हरियाणा में अभाविप के दोनों चिकित्सीय आयाम मेडिविजन एवं जिज्ञासा के माध्यम से स्थानीय प्रशासन एवं संस्था रेड क्रॉस के साथ मिलकर सेवा कार्य किया जा रहा है। साथ ही निःशुल्क मेडिकल परामर्श के लिये स्थानीय चिकित्सकों की सूची फ़ोन नम्बर के साथ जारी करने का अभियान भी लिया गया।

अभाविप के नेतृत्व में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ स्वयं ही विभिन्न प्रकार के अकादमिक विषयों पर ऑनलाइन कक्षा प्रारंभ करना तथा पश्चिम बंगाल के कोलकाता महानगर, झारखण्ड तथा कर्नाटक प्रान्त सहित अन्य महानगरो में भी शिक्षण संस्थाओं से संवाद कर ऑनलाइन कोर्सस प्रारंभ करने के प्रयास किये जा रहे हैं। जोधपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कोचिंग सेंटर से ऑनलाइन लेक्चर की व्यवस्था का आह्वान कर रही है|

अभाविप लॉकडाउन के दौरान सभी छात्रों में सकारात्मक वातावरण रहे इसके लिए विभिन्न अकादमिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन देशभर में डिजिटल माध्यमों से वीडियो लेक्चर, फेसबुक लाइव के माध्यम से समसामयिकी विषयो पर परिचर्चा, ऑनलाइन पोस्टर व वीडियो मेकिंग, रचनात्मक लेखन आदि गतिविधियां आयोजित कर रही है। साथ ही Read A Book Challenge, फ़िट्नेस चैलेंज आदि आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या छात्र सहभागी हो रहे हैं।

अभाविप समाज से विशेषतः युवाओं एवं छात्रों से आह्वान करती है, कि वे तालाबंदी के दौरान ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए अपने नजदीकी चिकित्सालय में रक्तदान करें, साथ ही प्रसाशन के दिशा निर्देशानुसार लॉकडाउन एवं फिज़ीकल डिस्टेंस के नियम का पालन करें, अपने आस-पास स्वचछता पर विशेष ध्यान ददें। इस कठिन परिस्थिति में छात्रों को आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या को सुलझाने हेतु अभाविप आप के साथ खड़ी है।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)